समाचार

प्रधानमंत्री आवास योजना

आवासगृहों के निर्माण में तेजी लाकर समयसीमा में लक्ष्य प्राप्त करें–आयुक्त

(आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने मोर जमीन–मोर मकान घटक अंतर्गत आवासगृहों के निर्माण की कार्यप्रगति की समीक्षा की, कार्यप्रक्रिया में तेजी लाने के दिए कड़े निर्देश)

कोरबा 12 अगस्त 2021 –आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर जमीन–मोर मकान घटक अंतर्गत हितग्राहियों द्वारा बनाए जा रहे आवासगृहों का निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के अंदर पूर्ण कराएं, आवासगृहों के निर्माण में यदि कहीं कोई अवरोध उपस्थित होता है तो उसका तत्काल निराकरण कराएं तथा आवास निर्माण कार्य को उच्च प्राथमिकता पर रखें एवं प्रदत्त लक्ष्य को प्राप्त करें।

उक्ताशय के निर्देश आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने पी.एम.ए.वाई. की समीक्षा बैठक के दौरान निगम के अधिकारियों व सिटी लेवल टेक्निकल सेल के अभियंताओं को दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आयुक्त श्री शर्मा ने आज महत्वपूर्ण बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर जमीन–मोर मकान घटक अंतर्गत निर्मित कराए जा रहे आवासगृहों की कार्यप्रगति की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होने जोनवार कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना के उक्त घटक के अंतर्गत आवासगृहों के निर्माण के संबंध में प्राप्त लक्ष्य को समयसीमा में पूरा करें। यह ध्यान रखें कि शासन की योजना के तहत जरूरतमंद व पात्र लोगों को आवास उपलब्ध कराना है, अतः कार्यप्रक्रिया को सरलीकृत करें, तकनीकी व व्यवहारिक अवरोधों को दूर करते हुए कार्यो को पूरा कराएं ताकि हितग्राहियों को जल्द से जल्द आवास की सुविधा प्राप्त हो सके। उन्होने अब तक प्राप्त लक्ष्य पूर्ण किए गए आवासगृह, प्रगतिरत आवासगृह तथा प्रारंभ किए जाने वाले आवासगृहों के निर्माण कार्य आदि की बिन्दुवार समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि आवासगृहों के निर्माण कार्य में अपेक्षित तेजी लाएं। आयुक्त श्री शर्मा ने फाउण्डेशन लेबल तक पहुंचे आवासगृहों को लिन्टल लेबल तक ले जाने, लिन्टल लेबल वाले आवासगृहों को रूफ लेबल तक पहुंचाने एवं रूफ लेबल के आवासगृहों के कार्य को पूर्ण करने हेतु समयसीमा निर्धारित करते हुए कार्यो को उक्त निर्धारित अवधि के अंदर पूरा कराए जाने के कड़े निर्देश अभियंताओं को दिए।

भवन निर्माण अनुमति में अनावश्यक देरी न हों– बैठक के दौरान आयुक्त श्री शर्मा ने निगम के भवन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि योजना अंतर्गत निर्मित कराए जाने वाले आवासगृहों हेतु दी जाने वाली भवन निर्माण अनुमति में अनावश्यक देरी न हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि त्रुटियों व अवरोधों का त्वरित रूप से निराकरण कराते हुए समयसीमा में नियमानुसार अनुमति जारी करें तथा इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखें।

बैठक के दौरान योजना के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता आर.के.चौबे, भवन अधिकारी एम. एन.सरकार, सहायक अभियंता आकाश अग्रवाल, उप अभियंता अभय मिंज, गुलिस्ता साहू, सिटी लेवल टेक्निकल सेल से जितेश राठौर, अंकुश पाटकर, हर्ष क्षत्रवाणी, पी.एम.सी. टीम लीडर एहसान सिद्दीकी, शशिकांत साहू, ब्रज पटेल आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।